# MP BOARD CLASS 10 EM HINDI GENERAL MODEL PAPER SET 6 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 EM हिन्दी (सामान्य) मोडल पेपर सेट 6 2020

समय :3 घण्टे पूर्णांक : 100

निर्देश-(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1x5= 5 अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक के लिए 2-2 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30-75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 75-120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5-5 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 120-150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए शब्द सीमा 200 से 250 शब्द निर्धारित है। (7+3 = 10) अंक निर्धारित है। खण्ड 'अ' के लिए 7 तथा खण्ड 'ब' के लिए 3 अंक।

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए1. समास के पद होने चाहिए

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार।

2. राम के स्वागत हेतु दीपक जलाया गया-

(a) मिट्टी का (b) पीतल का (c) गगन का (d) सोने का।

3. टिहरी बसा हुआ है(a) गंगा किनारे

(b) दो नदियों के बीच (c) समुद्र तट पर (d) मैदान में।

4. लंदन में श्री अरविन्द ने संस्था की स्थापना की-

(a) कमल कटार (b) कर्मवीर (c) कृपाण (d) वंदेमातरम्।

5. दस्तखत शब्द है-

(a) संस्कृत का (b) मराठी भाषा का (c) देशज भाषा का (d) विदेशी भाषा का।

उत्तर-1.(b), 2. (c),3. (b), 4.(a), 5.(d).

प्रश्न 2. दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1. पीड़ा को दुलारने वाला ............. है। (घनश्याम/सीताराम)

2 पारिवारिक सामंजस्य के लिए .............आवश्यक है। (धन/अनुशासन)

3. सूखी डाली ............. विधा का पाठ हैं। (एकांकी/नाटक)

4. 'साये में धूप' प्रसिद्ध गजल संग्रह के कवि ........ हैं। (दिवाकर वर्मा/ दुष्यंत कुमार)

5. भौंरा का पर्यायवाची ............ शब्द है। (अलि/कुसुम)

उत्तर- 1. घनश्याम, 2. अनुशासन, 3. एकांकी, 4. दुष्यंत कुमार, 5. अलि।

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य चुनकर लिखिए-

1. निबंध को 'गद्य की कसौटी' कहा गया है।

2. मंत्र-मुग्ध होने से तात्पर्य मन्त्र जपना है।

3. 'भोजनालय' शब्द में व्यंजन सन्धि है।

4. यदि वह जाए तो मैं पढ़ें संकेतवाचक वाक्य है।

5. 'इस नदी की धार में एक गजल है।

उत्तर-1. सत्य, 2. असत्य, 3. असत्य, 4. सत्य, 5. सत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ियाँ बनाइए-

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| 1. कन्याकुमारी और हिमालय | (a) जीवनी |
| 2. कलिंग की महारानी | (b) एक हजार |
| 3. योगी अरविन्द | (c) भारत के दो छोर |
| 4. गीता के श्लोक | (d) श्रीकृष्ण |
| 5. मीरा के आराध्य | (e) लेखक |
| | (f) सात सौ |
| | (g) अमिता। |

उत्तर-1.(c), 2. (g), 3. (a), 4. (1), 5. (d).

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में दीजिए-

1. शबरी के आग्रह से राम को किसकी याद आई ?

2. धर्म, दर्शन, साहित्य कला किसके अंग हैं ?

3. द्विवेदी जी आगे क्यों नहीं पढ़ पाए ?

4.. समास कितने प्रकार के होते हैं ?

5. अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने प्रकार होते हैं ?

उत्तर-1. माता कौशल्या, 2. संस्कृति, 3. कौटुम्बिक दुरावस्था के कारण, 4. छः, 5. आठ।

प्रश्न 6. व्यक्ति का जीवन कब ढलने लगता है?

अथवा

किसान को ब्रह्मा के समान क्यों माना है ?

प्रश्न 7. द्विवेदी जी लेखों की भाषा में किस प्रकार का संशोधन कर दिया करते थे ?

अथवा

अरविन्द का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

प्रश्न 8. सन्धि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये।

अथवा

गद्य की गौण विधाओं के नाम लिखिए।(कोई चार)

प्रश्न 9. निबन्ध की परिभाषा लिखिए।

अथवा

जीवनी की परिभाषा लिखिए। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 10. प्रसादजी के नाटकों की कोई दो विशेषताएँ लिखते हुए दो नाटकों के नाम लिखिए।

अथवा

रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद हैं? नाम लिखिए।

प्रश्न 11. निम्न शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए-

(i) पाप-पुण्य, (ii) चक्रपाणि।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक-एक शब्द लिखिए-

(i) जिसका कोई शत्रु नहीं जन्मा है। (ii) जो नष्ट न हो सके।

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों के लिए विलोम शब्द लिखिए-

(i) विद्वान, (ii) चंचल, (iii) उचित, (iv) व्यापक।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

(i) पर्वत, (ii) हाथी।

प्रश्न 13. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(i) अन्धे की लाठी, (ii) टस से मस न होना।

अथवा

नीचे लिखे खंड में उपयुक्त विराम चिन्ह लगाइए-

हे नवयुवाओं देश भर की दृष्टि तुम पर है लगी हे मनुज जीवन की तुम्हीं में ज्योति सबसे जगमगी दोगे न तुम तो कौन देगा योग देशों द्वारा में देखो कहाँ क्या हो रहा है आजकल संसार में।http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 14. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए

(i) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ। (ii) मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए

(i) सोहन प्रतिदिन खेलने जाओ।(नकारात्मक) (ii) शालिनी विद्यालय जाती है। (प्रश्नवाचक)

प्रश्न 15. नाटक और एकांकी में तीन अंतर बताइये।

अथवा

नाटक के आवश्यक तत्व कितने हैं ?

प्रश्न 16. होली के आनन्द में संगीत के साज कैसे बजते हैं ?

अथवा

बरखा गीत में प्रयुक्त प्रतीकों को समझाइए।

प्रश्न 17. शबरी ने श्रीराम- लक्ष्मण का सत्कार कैसे किया ?

अथवा

'अमावस की कालिमा' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 18. कर्मवीर कौन-कौन से बड़े काम करके दिखा देते हैं ?

अथवा

'तुम्हारी विरासत' कविता हमें क्या संदेश देती है ?

प्रश्न 19. 'खिन्नता मानव जीवन का अभिशाप है' कथन को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

किसान को हितैषी क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 20. 'कश्मीर की मिट्टी में ही प्यार-मुहब्बत की महक है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

राजा आनन्दपाल के मन में किस प्रसंग को सुनकर हलचल मची और क्यों ?

प्रश्न 21. "सादा जीवन उच्च विचार" का आशय समझाइए।

अथवा

द्विवेदी जी को 'सरस्वती' पत्रिका में प्रकाशन करने के लिए किस तरह के प्रलोभन दिए जाते थे?

इस संबंध में उनकी प्रतिक्रिया क्या होती थी?

प्रश्न 22. सम्राट अशोक के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

माटीवाली का चरित्र-चित्रण कीजिए।

प्रश्न 23. कर्मवीर मनुष्य के मार्ग में कैसी-कैसी बाधाएँ आती हैं ?

अथवा

'वह देश कौन-सा है?' कविता में कवि ने भारत देश की कौन-कौन-सी विशेषताएँ बताई हैं?

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-

इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो है,

नाव जर्जर ही सही, लहरों से टकराती तो है।

एक चिनगारी कहीं से ढूँढ लाओ दोस्तों,

इस दिये में तेल से भीगी हुई बाती तो है।

अथवा

'आज सत्य ही इस कुटिया पर,

मिटै मनुज के सभी विषाद।

त्याग अवध को आया जबसे,

मन भाया पाया है स्वाद।'

प्रश्न 25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिये-

'भारत विविधताओं वाला देश है। यहाँ अनेक धर्म, भाषाएँ, परम्पराएँ पायी जाती हैं। फिर भी भारत की विशेषता अनेकता में एकता है। भारत में ऐतिहासिक एकता है। कश्मीर से केरल तक भारत का इतिहास एक है। प्राचीनकाल से ही संस्कृत भाषा ने राष्ट्रीयता को मजबूत किया है। भारत में सभी धर्म के मानने वाले परस्पर प्रेमभाव से रहते हैं। देश में खान-पान, रहन-सहन, भाषा की विविधताओं के बावजूद राष्ट्रीयता की भावना दिखाई देती है। राजनीतिक दृष्टि से भी भारत एक है और एक रहेगा।'

प्रश्न-(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) भारत की मुख्य विशेषता क्या है ?

(घ) अनेकता तथा मजबूत के विलोम शब्द लिखिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

रण-बीच चौकड़ी भर-भर कर चेतन बन गया निराला था। राणा प्रताप के घोड़े का, पड़ गया हवा से पाला था। गिरता न कभी चेतक तन पर, राणा प्रताप का कोड़ा था। वह दौड़ रहा अरि मस्तक पर, या आसमान पर घोड़ा था।

प्रश्न-(क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) इस पद्यांश का भावार्थ लिखिए।

(ग) रेखांकित वाक्यों का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 27. निर्धन छात्र निधि से सहायता हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मित्र को एक पत्र लिखिए, जिसमें व्यायाम के महत्व के बारे में बताया गया हो।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200-250 शब्दों में निबंध लिखिये

(1) साहित्य और समाज

(2) जनसंख्या वृद्धि एक ज्वलंत समस्या

(3) महँगाई की समस्या

(4) विज्ञान के बढ़ते चरण

(5) वृक्षारोपण एक महोत्सव

(ब) उपर्युक्त विषयों में से जिस विषय पर निबंध लिखा गया हो, उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए।